## चित्रकूट पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दुर्ग विजय सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अशोक बाबू द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी आकाश साहू द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय जे0एम0 द्वितीय श्री अभिनव कुमार दुबे द्वारा आज दिनाँक 24.06.2026 को कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 135/2003 धारा 341,323,504,506 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त 1.ज्ञानचंद्र 2.कमलेश कुमार 3.फूलचंद्र पुत्रगण रामप्रसाद 4.राम गणेश पुत्र रामजादे निवासीगण खरौंध कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व कुल 400/- रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

(3). पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री दुर्ग विजय सिंह एवं पैरोकार आरक्षी अशोक बाबू द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी आकाश साहू द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायालय जे0एम0 द्वितीय श्री अभिनव कुमार दुबे द्वारा आज दिनाँक 24.06.2026 को कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 207/2013 धारा 323,504,506 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त मनोज कुमार भदौरिया पुत्र शिवबचन निवासी बनकट कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को जेल में बितायी गई अवधि व कुल 400/- रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

(4). पुलिस विभाग के नव-भर्ती रिक्रूट आरक्षियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में रिक्रूट आरक्षियों के बैच के प्रशिक्षु आरक्षियों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षुओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं वाचक कार्यालय,अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय,प्रधान लिपिक कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, मीडिया सेल,साइबर सेल तथा प्रशासनिक अनुभागों का विस्तृत परिचय दिया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने स्वयं रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि "पुलिसिंग की बुनियाद क्षेत्रीय ज्ञान, अनुशासन तथा जनता के प्रति संवेदनशीलता पर टिकी है। इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रमों से प्रशिक्षुओं को वास्तविक कार्य प्रणाली समझने में मदद मिलती है और वे भविष्य में बेहतर पुलिस अधिकारी बन सकेंगे।"भ्रमण के दौरान रिक्रूट आरक्षियों को कार्यालय में आने वाली शिकायतों के निस्तारण, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, डायरी प्रबंधन तथा आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और अधिकारियों ने उनके सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। यह भ्रमण रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसके तहत उन्हें थाना, कोतवाली, ट्रैफिक विंग तथा अन्य इकाइयों का भी भ्रमण कराया जाएगा।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूषकान्त राय,क्षेत्राधिकारी नगर श्री सत्येन्द्र सिंह,प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ निरीक्षक श्री जय प्रकाश उपाध्याय,वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह, पीआरओ श्री प्रदीप पाल व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(5).

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री श्रीप्रकाश यादव व उनकी टीम द्वारा अपने घर से कही चले गए 02 बालकों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि  डायल 112 में सूचना प्राप्त हुईं कि पूरा लालता रोड गांव निवासी 1.दीपांशु पुत्र शीलू उम्र 9 वर्ष 2.सुमित पुत्र विजय प्रजापति उम्र 11 वर्ष घर से कही चले गए है। सूचना पर मौके पर थाना मऊ पुलिस पहुंची और अथक प्रयास कर बालकों को खोजकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया।

बरामदगी करने वाली टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री प्रकाश यादव

2.का. कुलदीप द्विवेदी

3.का प्रकाश मिश्र

4.रि.का. अंकेश

5.रि. म.का. साक्षी साहू

6.चालक आरक्षी प्रभात दुबे